वारदात | गाडरवारा में जघन्य वारदात, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# युवक को झाड़ियों में ले जाकर प्राइवेट पार्ट काटा

**नवभारत नरसिंहपुर गाडरवारा**। डोंगरगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। 25 वर्षीय युवक बसंत पाली पर बदमाशों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। हमलावरों ने युवक को बीच सड़क से रोककर न केवल उसकी बेरहमी से पिटाई की, बल्कि झाड़ियों में घसीटकर ले गए और चाकू से उसके प्राइवेट पार्ट को काट डाला। इस बर्बर वारदात ने पूरे इलाके को गुस्से और दहशत से भर दिया है।



## इस तरह रची गई वारदात

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बसंत पाली गाडरवारा से अपने ससुराल हीरापुर लौट रहा था। शाम ढलते समय रास्ते में एक हेलमेटधारी बाइक सवार ने उसे मदद के बहाने रुकवाया। जैसे ही बसंत ने गाड़ी रोकी, पीछे से आए फोरव्हीलर से कई बदमाश उतरे और उस पर टूट पड़े। युवक को जबरन उठाकर सड़क किनारे की झाड़ियों में ले जाया गया। वहाँ बदमाशों ने उसकी बुरी तरह पिटाई की और फिर धारदार हथियार से उसके प्राइवेट पार्ट पर हमला कर डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### खून से लथपथ हालत में मिला युवक

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुँचे। बसंत को खून से लथपथ हालत में झाड़ियों से बाहर निकालकर तत्काल गाडरवारा सिविल अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### जिले में सनसनी

यह जघन्य वारदात पूरे नरसिंहपुर जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना से समाज में भय का माहौल पैदा हो गया है। घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था की पोल खोली है बल्कि ग्रामीणों के बीच आक्रोश और अविश्वास भी गहरा दिया है।

### ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

इस निर्मम वारदात की खबर फैलते ही पाल समाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### पुलिस की कार्रवाई

डोंगरगांव थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान के सभी विक्रेताओं को उपस्थित होने के निर्देश

**नवभारत। नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि दो अक्टूबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उक्त ग्राम सभा के लिए खाद्य विभाग से संबंधित विषय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सामाजिक संपरीक्षा सोशियल ऑडिट पर चर्चा होगी। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत दुकान से संबंधित जानकारी के साथ संबंधित ग्राम पंचायत की आमसभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विक्रेताओं से कहा कि वे आपकी दुकान अंतर्गत पीडीएस, एमडीएम, आईसीडीएस छात्रावास आदि के आवंटन उठाव एवं वितरण की जानकारी, संलग्न पात्रता परिवारों की सूची, सस्पेक्टेड परिवार 18 वर्ष से कम उम्र सिंगल सदस्य परिवार, 100 वर्ष से अधिक उम्र सिंगल सदस्य परिवार, 6 लाख से अधिक इनकम वाले परिवार, कंपनी में रजिस्टर्ड संचालक परिवार, जीएसटी पे वार्षिक टर्नओवर 25 लाख वाले परिवार, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान।

# पर्यावरण संरक्षण जीवन की सुरक्षा है



**नवभारत। नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ आरवी सिंह के सानिध्य में छात्र इकाई कार्यक्रमअधिकारी डॉ अमित ताम्रकार छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानीकुमारी सहायक अधिकारी डा जी एस मसकोले के निर्देशन में दलनायक दिनेश अग्रवाल सहदलनायक विवेक साहू दलनायिका मनीष राजपूत के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 1 अक्टूबर को रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं लव जिहाद पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉ अमित ताम्रकार लव जिहाद पर विचार रखते हुवे कहा लव जिहाद एक ऐसा सामाजिक मुद्दा है जिसमें किसी व्यक्ति द्वारा अपना धर्म छुपाकर प्रेम संबंध स्थापित किया जाता है, जिसका उद्देश्य बाद में धर्मांतरण करना होता है। यह भावनात्मक धोखे का रूप है, जो युवतियों की स्वतंत्रता, सुरक्षा और आत्मसम्मान को खतरे में डाल सकता है। ऐसे मामलों में प्रेम का मुखौटा पहनकर छल किया जाता है, जिससे परिवार और समाज दोनों प्रभावित होते हैं। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सतर्क करना, सही पहचान करना और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे प्रेम में विश्वास करें, लेकिन अंधविश्वास या झूठ के शिकार न हों। समाज को ऐसे छल से बचाने के लिए संवाद, शिक्षा और सतर्कता आवश्यक है। इसके पश्चात डा रानी कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान आकर्षित करते हुवे बताया कि पर्यावरण संरक्षण जीवन की सुरक्षा है। वनों की कटाई, प्रदूषण और प्लास्टिक से प्रकृति संकट में है। हमें वृक्षारोपण, स्वच्छता और ऊर्जा बचत जैसे छोटे कदमों से पर्यावरण बचाना चाहिए—यही सच्चा विकास है। इसके पश्चात सभी ने मिलकर महाविद्यालय के उद्यान में वृक्षारोपण किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित ताम्रकार, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानी कुमारी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, डॉ जी. एस. मार्सकोले, गोविन्द मेहरा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक (छात्र इकाई) दिनेश अग्रवाल, सहदलनायक विवेक साहू, दलनायिका मनिषा राजपूत मिडिया प्रभारी ( छात्र इकाई) मोतीलाल कातिया स्वयंसेवक, ब्रजेश चौधरी, शरद साहू, कविता, कल्पना, आसमानी , नम्रता, रूपेश, सुरभी, रेशू, आस्था, तनु, अजय इनवती , यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीयो ने



## 48 दीपकों से की गई आराधना

**नवभारत। तेंदूखेड़ा** विगत दिवस पारस जैन मिलन शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 की शुरूआत शीतल नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के शुभ अवसर पर 48 दीपकों से भक्तांबर की आराधना की गई। एवं महिला मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष अरुणा जैन कोषाध्यक्ष प्रीति जैन सचिव अर्चना जैन एवं महिला मंडल की सदस्य कल्पना स्वदेशी रजनी जैन मुक्ता जैन मनीषा जैन पूर्ती जैन श्रद्धा जैन अंजना जैन प्रिया जैन शिक्षा जैन सहित अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# पीजी कॉलेज में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत। गाडरवारा।** स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य डॉ. कौरव के निर्देशन तथा हिंदी विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल शुक्ला के सहयोग से महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में शासकीय अस्पताल गाडरवारा के विभाग प्रभारी डॉक्टर ठगेले एवं उनकी जांच टीम के सदस्य वर्षा पवार तथा शिखा सोनी के द्वारा छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन एवं अन्य परीक्षण किए गए तथा छात्र-छात्राओं को दवाइयां भी वितरित की गई सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक होना है इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉक्टर दर्शन सिंह किरार के द्वारा स्वच्छता रैली, पौधारोपण, पर्यावरण जागरूकता, जैविक खेती का महत्व, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता, ऊर्जा संरक्षण पर संवाद, सिकल सेल एनीमिया, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार आदि अनेक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के हित में किए जा रहे हैं जिससे विद्यार्थी समाज सशक्त, समृद्धशाली गौरवशाली, अजेय, एवं भारत को विश्व गुरु बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग से डॉक्टर टीकाराम डॉक्टर सोनिया सहाय डॉक्टर कमलेश डेहरिया छात्र-छात्राएं प्रिया दुबे, चेष्टा भार्गव, अनीता चौधरी, प्रतिभा राजपूत, संध्या धानक, आकाश मिर्धा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर आदि अनेक छात्रों पर उपस्थित रहें।




# किसानों ने अपनी जायज मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन


**नवभारत।गाडरवारा।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ तहसील इकाई गाडरवारा के नेतृत्व में किसान बंधु पलोटन गंज में एकत्रित हुए और सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए जुलूस की शक्ल में सेकड़ो किसान अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहा उन्होंने एसडीएम कलावती ब्यारे के नाम किसानों की मूंग के भुगतान और अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की है कि शेष किसानों की मूंग की फसल का समय पर भुगतान नहीं किया गया है जल्द भुगतान किया जाए, सोयाबीन की फसल को मंडी में 6 हजार रुपये से नीचे ना खरीदा जाए। अति बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बिना आधार के फर्जी मामले दर्ज किए जा रहे हैं, राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने शासन और प्रशासन से आग्रह किया है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उनका समय पर निराकरण किया जाए। पलोटन गंज में किसानों ने कहा कि यह प्रदर्शन किसानों की आवाज को बुलंद करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किया गया है हम सभी किसान अपने अधिकारों हक की लड़ाई लड़ रहे है । यदि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं होता है, तो संघ किसानों के हित में आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### एक नजर में



## मां नर्मदा तट पर 12 वर्षों से निरंतर जारी है सफाई अभियान

**नवभारत। गोटेगांव।** समीप मां नर्मदा युवा सेवा संगठन झांसी घाट द्वारा लगातार 12 वर्षों से घाट की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है और पिछले 4 महीनों से मां नर्मदा जी की महाआरती हर रविबार शाम 6 बजे की जाती है जिसमें सभी मां नर्मदा युवा सेवा संगठन के सभी सदस्यों द्वारा लगातार निरंतर 12 वर्षों से निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं और आगामी आने वाले त्योहारों पर संगठन द्वारा सफाई अभियान के साथ-साथ त्योहारों पर विशेष साज सज्जा एवं पूजन अर्चन भी किया जाता है, मां नर्मदा युवा सेवा संगठन के सभी सदस्यों ने हर रविवार शाम को 6:00 बजे होने वाली साप्ताहिक आरती में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है इस मौके पर संगठन अध्यक्ष सतेंद्र पटेल आशीष पटेल सदस्य संतोष पटेल सुजीत सिंह राजपूत दीपक यादव रविन्द्र रजक पवन मेहरा लीलेश रजक कैलाश ठाकुर अरुण ठाकुर अमन गोस्वामी उदय सिंह राजा कुशवाहा सूरज कुशवाहा प्रशांत पटेल पप्पू ठाकुर अभिषेक ठाकुर सरजू ठाकुर नेता जी छोटू संतोष दीपक प्रिंस रंजीत बलराम संजय अनुज अनुराग अतुल संदीप यादव आशीष विश्वकर्मा अरविंद पटेल अरविंद विश्वकर्मा विनय राधे कुशवाहा सुनील हरिओम सेन देवांश आर्यन अभय ठाकुर आनंद तिवारी जागेश्वर महाराज अर्पित कहार हरबंस चंदन पटेल अरमान पटेल बबलू पटेल संजय यादव गोलू पटेल मालक पटेल परमानंद पटेल राजेंद्र साहू साहिल मेहरा।



## नवदुर्गा सेवा समिति द्वारा नौवें दिन मां दुर्गा का पूजन -अर्चन कर प्रसादी का किया गया वितरण

**नवभारत।गाडरवारा।** नवरात्रि पर्व के नौवे दिवस नगर की नव दुर्गा सेवा समिति ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया सुभाष बार्ड, पुराने बस स्टैंड के पास आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के सदस्यों सहित अनेक भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए विशेष पूजन संपन्न कराई पूजन अर्चन के उपरांत पुराने बस स्टैंड के समीप विशाल प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए देर रात तक चली इस आयोजन में भक्त जनों ने मां की आराधना कर प्रसादी ग्रहण की समिति की सक्रिय सदस्य शुभम कुचबंदिया, नवीन कुचबंदिया शफीक खान, राकेश कुर्मी सहित अन्य सदस्यों व युवाओं ने मिलकर प्रसादी वितरण में अहम भूमिका निभाई इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भक्ति का उल्लास देखने योग्य था इस अवसर पर शुभम कुचबंदिया, नवीन कुचबंदिया (पटेल) , शफीक खान, राकेश कुर्मी व समिति के अन्य सदस्यो एवं भक्त जनों के साथ बड़ी मात्रा में श्रद्धालुओं की उपस्थिती रही।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चे दिखा रहे अपनी प्रतिभा, गरबा नृत्य को दर्शकों ने सराहा

**नवभारत। तेंदूखेड़ा।** शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व पूरे शबाब पर है इन नौ दिनों तक जहां श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा साधना की वहीं छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने भी अपनी शैक्षणिक संस्थाओं के बैनर तले सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रतिभा भी दिखाई। जिसमें व्यसन मुक्त समाज निर्माण सड़क सुरक्षा माता-पिता के प्रति आदर सम्मान और वर्तमान में घटित हो रही घटनाओं पर आधारित लघु नाटिकाएं नौ देवियों के जीवंत स्वरुपों गरवा नृत्य अलग-अलग राज्यों में विभिन्न वेश-भूषा में पहनावा के साथ नृत्यों ने जमकर बाहबाही बटोरी प्रतिदिन नगर की अलग अलग शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें बच्चों के पालकों और दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। नवमी तिथि पर हवन पूजन के साथ माता रानी को विदाई दी गई। प्रत्येक पंडाल तथा घर में कन्या भोज पूजन कार्यक्रम चल रहा है। आज 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर विशाल चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकाला जायेगा।

## 35 दिवसीय आवासीय महिला ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत। नरसिंहपुर।** निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर ने बताया कि महिला ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 27 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण समापन पर 33 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर एसेसमेंट ऑफिसर आनंद सिंह, एसके सिन्हा, स्नेहलता चौहान, निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर अनामिका मल्ल, संकाय सदस्य आशीष नामदेव, शिखा कुशवाहा, कार्यालय सहायक गगन शर्मा, मास्टर ट्रेनर उषा जैन सहित प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।






## स्वदेशी वस्तुओं का करें उपयोग : सांसद

**नवभारत। नरसिंहपुर** होशंगाबाद लोकसभा के सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने मंगलवार को नगर साईखेड़ा में सेवा पखवाड़ा के तहत आत्मनिर्भर स्वदेशी स्वाबलंबन मैं प्रमुख वक्ता के रुप मे सबको सम्भोदित किया एवं पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम खेड़ापति माता मंदिर साईखेड़ा में आयोजित किया गया था। इसमें सांसद चौधरी दर्शन सिंह जी ने जीएसटी में बदलाव एवं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग के विषय में अपनी बात रखी, इस विषय में पूर्व विधायक साधना स्थापक नगर परिषद अध्यक्ष स्वाती सचिन अग्रवाल मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत कार्यक्रम प्रभारी आरती राजपूत ने भी अपनी बात रखी, इसके बाद सांसद साईखड़ा नगर मैं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मार्केट का का दौरा किया वहां व्यापारियों से जीएसटी बदलाव के विषय में चर्चा की , कार्यक्रम में अन्य जिला पंचायत सदस्य रिचा स्थापक प्रमुख वरिष्ठ महंत जी परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल एवं अन्य पार्षद गण , अन्य वरिष्ठ जन सरपंच गण और भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर संघमित्रा की स्टॉपेज मांग

**नवभारत। साईखेड़ा।** विगत दिवस क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी साईखेड़ा दौरा पर आए भाजपा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जनता एवं समस्त क्षेत्रवासियों की गाडरवारा, साईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, उदयपुरा बरेली, देवरी, समस्त गाडरवारा रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग पर गाड़ी क्रमांक 12295 12296(अप डाउन) संघमित्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्टॉपेज की माँग क्योंकि गाडरवारा से दक्षिण भारत के लिए कोई डायरेक्ट ट्रेन नहीं है एवं जबलपुर यात्रा करने वालों के लिए दोपहर 11:30 से लेकर शाम 6:30 तक कोई भी गाड़ी नहीं है इस प्रकार इटारसी तरफ यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुबह 9:30 से शाम 4:00 बजे तक कोई भी गाड़ी का गाडरवारा स्टॉपेज नहीं है माननीय सांसद जी द्वारा आश्वासन दिया गया जल्द संघमित्रा का स्टॉपेज गाडरवारा रेलवे स्टेशन में होगा।

# चैतन्य देवियों की भव्य झांकी, देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नवभारत।गोटेगांव।** की धरती इन दिनों माता रानी के दिव्य स्वरूप से आलोकित हो उठी है। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, दिव्य ज्योति भवन, शिक्षक कॉलोनी में हर साल की तरह इस साल भी चैतन्य देवियों की झांकी ने श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति कराई। देवी स्वरूपों के दर्शन करते ही मानो जीवंत अनुभूति होती है। भक्तों की आंखें आस्था से नम हो जाती हैं और 'जय माता दी' के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठता है। आरती के पलों में ऐसा लगता है जैसे स्वयं देवी मां पधार कर भक्तों का कल्याण कर रही हों। कार्यक्रम में गोटेगांव विधायक सहित शहर के गणमान्य नागरिक पहुंचे और माता की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्रह्माकुमारी मीना बहन ने झांकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां के चरणों में समर्पण ही जीवन की सच्ची साधना है। बीके नितिन भाई, अजय भाई, सत्येन्द्र भाई, द्वारका भाई सहित बड़ी संख्या में सेवाधारी भाई-बहनों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। लगातार भोग का प्रसाद वितरित हो रहा है और आगंतुकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा रहा है। श्रद्धा, भक्ति और आस्था का ऐसा संगम गोटेगांव में विरले ही देखने को मिलता है। लोग मान रहे हैं कि यह झांकी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को शांति और ऊर्जा देने वाला आध्यात्मिक पर्व है। गोटेगांव की यह भव्य झांकी हर किसी के हृदय में मां की सजीव उपस्थिति का एहसास करा रही है। मां की झांकी देखकर ऐसा लग रहा है जैसे सचमुच देवी मां हमारे बीच विराजमान होंज मन को अद्भुत शांति मिल रही है।





### श्रद्धालु महिला

श्रद्धालु महिला हर साल हम यहां आते हैं, लेकिन इस बार की झांकी ने तो मन मोह लिया। मां के दर्शन से सारी थकान दूर हो गई।

### बुजुर्ग श्रद्धालु

ये केवल झांकी नहीं, बल्कि आत्मा को जगाने वाला दिव्य अनुभव है। यहां आकर लगता है कि मां सचमुच आशीर्वाद दे रही हैं।

### कॉलेज छात्र

इतने सुंदर आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों का धन्यवाद। इस झांकी से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है।

व्यापारी वर्ग से आए नागरिक यहां आकर मन को जो सुकून मिला, वह कहीं और संभव नहीं। लगता है जैसे मां ने हर भक्त की झोली खुशियों से भर



# करुणा, सेवा एवं प्रेरणा की प्रतीक थीं स्व.यशोदा बाई पटेल

**नवभारत।गोटेगांव।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्म परायण नागरिक मुलामसिंह पटेल भैयाजी की धर्मपत्नी एवं म.प्र. सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ,पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल इंजी. सरदारसिंह पटेल की पूज्य माताश्री श्रीमती यशोदा बाई पटेल का मानवीय जीवन की संतुष्टिपूर्ण यात्रा के क्रम में देवलोक गमन हो गया है। परिवार में पुत्रों के पास उच्चस्तरीय राजनैतिक एवं प्रशासकीय दायित्व होने के बाद भी वह हमेशा करुणा, सेवा, सादगी एवं प्रेरणा के गुणों का प्रतिनिधित्व करती रहीं। एक किसान परिवार में जन्मी एवं कृषक परिवार की बहू बनने वालीं स्व. यशोदा बाई पटेल हमेशा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करती रही हैं। उनकी विचारधारा का मूल भाव हमेशा से गैर राजनैतिक रहा है, उनके निधन पर क्षेत्र के सभी संगठनों से जुड़े नागरिकों ने दुख व्यक्त करते हुए अपनी संवेदनाएं प्रेषित की हैं।